**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 01.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बबेरु पुलिस द्वारा वर्ष 2023 से गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** आज दिनांक 01.08.2026 पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एंव सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में थाना बबेरु पुलिस द्वारा एक महिला को सकुशल बरामद कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 30.07.2023 को अशोक (भाई) द्वारा थाना बबेरु पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना बबेरु पुलिस व अन्य टीमो का गठन कर महिला के सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 26.07.2026 को तकनीकी साक्ष्य, यक्ष एप व मुखबिर की सूचना पर महिला को मुरवल बस स्टाफ के पास से बरामद कर लिया गया। थाना बबेरु पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही को पूर्ण करने के उपरांत महिला को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की सराहना करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया।

**बरामदगी करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक बबेरु श्री संजय द्विवेदी
2. उ0नि0 श्री अरविंद कुमार
3. हे0कां0 रजनीश पाण्डेय
4. म0कां0 वंदना सिंह